an>

Title: Regarding water crisis in many villages of Allahabad Parliamentary Constituency of Uttar PRadesh.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र इलाहाबाद में यमुना पार एरिया में टोंस नदी पर संचालित कोहलारघाट, देवघाट और धनवाल पेयजल योजना उत्तर प्रदेश शासन की नाकामी के कारण अपने उद्देश्य को पूर्ण करने में असफल रही है। सैंकड़ों गांव पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। अनियमित विद्युत आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज और हैंडपंप के जलस्तर के नीचे गिरने से पेयजल समस्या और गंभीर हो गई है। पाइपलाइन्स काफी पुरानी होने के कारण एवं बहुत ही जीर्ण-शीर्ण होने के कारण अधिकांश गांव पेयजल आपूर्ति से वंचित हो गये हैं जबकि शासन की यह जिम्मेदारी है कि इन पाइपलाइनों को समय समय पर ठीक कराया जाए और हैंड पंप्स की गहराई बढ़ाई जाए जिससे उपलब्ध संसाधनों को समुचित रूप से इस्तेमाल किया जा सके। अत: मेरा सरकार से निवेदन है कि शासन इसमें अविलम्ब कार्रवाई करने की कृपा करे।